जीवन मंत्र

मुश्किलें रुकावट नहीं, आपको और मजबूत बनाने का जरिया हैं।

- आपका दिन शुभ हो


# दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

दिल्ली/एनसीआर ◆ वर्ष/VOL : 9 अंक : 320 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम ◆ मार्गशीर्ष 5 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2082 ◆ पृष्ठ : 10, मूल्य : ₹ 4.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2024-2026

ई-मेल: dt@tribuneindia.com | बृहस्पतिवार, 20 नवंबर, 2025 | www.dainiktribuneonline.com





चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार -पेज 10

# नेशनल हाईवे और मेट्रो से जुड़ेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय : रणबीर गंगवा

## सप्तम स्थापना दिवस समारोह पर मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री ने की घोषणा

पलवल, 19 नवंबर (हप्र)

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का सप्तम स्थापना दिवस समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को नेशनल हाईवे से जोड़ने की महत्वाकांक्षी घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शीघ्र ही दिल्ली-मथुरा हाईवे से जुड़ेगा और मेट्रो से भी विश्वविद्यालय का सीधा लिंक होगा। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना और हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आएगी। इस अवसर पर उन्होंने ऊषा सिलाई स्कूल की ओर से एसवीएसयू में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन भी किया। वहीं यहां पहुंचने पर कुलगुरू प्रोफेसर दिनेश कुमार और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने मुख्यातिथि रणबीर गंगवा का भव्य स्वागत किया तथा दुधौला गांव की ओर से सरपंच सुनील कुमार ने उन्हें सम्मान की सूचक पगड़ी बांधी। मंत्री रणबीर गंगवा का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर आठ इंडस्ट्री पार्टनर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलगुरु डा. राज नेहरू भी मुख्यरूप से मौजूद रहे।




पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 8 इंडस्ट्री पार्टनर के साथ हुए एमओयू दिखाते लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, कुलगुरु डा. राज नेहरू व कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा। -हप्र

मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि पलवल में बना देश का यह पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय भारत देश की शान है और कौशल के क्षेत्र में इसने देश और दुनिया में मिसाल कायम की है। उन्होंने 50 से भी अधिक रोजगारपरक प्रोग्राम चलाए जाने पर कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाले युवा तैयार करने हैं और विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में अग्रदूत की भूमिका निभा रहा है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल भारत-कुशल भारत मिशन को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलगुरु डा. राज नेहरू ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना जिन लक्ष्यों को लेकर की गई थी, वह उससे भी बेहतरीन परिणाम दे रहा है।

### आठ कंपनियों ने किए एमओयू साईन

कार्यक्रम में डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया की ओर से एपीएस गांधी, फरीदाबाद लिट्रेरी एंड कल्चर सेंटर की ओर से नवीन सूद, वेट स्टोन इंटरनेशनल नेटवर्किंग की ओर से पंकज धर, टुटोरिअल्स पॉइंट की ओर से रश्मि राव, मोल्क लैब्स की ओर से सुजीत कुमार, जीनट्री इ बायोलैब की ओर से केके साहू, एटलस हॉस्पिटल्स की ओर से सचिन मंगला और यथार्थ हॉस्पिटल्स की ओर से डॉ. अनुराग शर्मा ने कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया।